## खबर संक्षेप

### झांसे में लेकर महिला को लगाई 66 लाख की चपत

**कटनी।** जागरूकता के अभाव में लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। जल्दी पैसे कमाने या पैसों को दुगना तिगुना करने के लालच में जालसाजों के चक्कर में फंसकर जमापूंजी गवां बैठते हैं। ऐसा ही एक मामला एनकेजे थाना क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार एसकेपी रोड निवासी मोनिका वर्मा पति अभय कचेर 43 वर्ष से अज्ञात आरोपी ने मोबाइल एप के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश कराने के नाम पर 66 लाख 60 हजार रुपये की ठगी की है। बताया गया कि आरोपी ने महिला को भरोसे में लेकर शेयर बाजार से अधिक लाभ दिलाने का लालच दिया। धीरे-धीरे मोबाइल एप के जरिए भारी-भरकम रकम निवेश करवाई गई। जब महिला को लाभ न मिलने पर शंका हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलने के बाद एनकेजे पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामला धारा 318(4) बी एन एस के तहत दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस तरह के मामलों में अक्सर साइबर अपराधी फर्जी मोबाइल एप और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर भोले-भाले लोगों को जाल में फंसाते हैं। बड़ी रकम का लालच देकर वे निवेश करवाते हैं और फिर रकम लेकर फरार हो जाते हैं। बहरहाल पुलिस साइबर टीम की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

### मैहर जा रहे श्रद्धालुओं को कराया जा रहा जलपान

**स्लीमनाबाद।** शारदेय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। भक्त अपनी आस्था को लेकर मातारानी के दरबार हाजिरी लगाने मैहर जा रहे है। भक्त को दो पहिया तों कोई चार पहिया वाहन मे जा रहे है साथ ही बड़ी संख्या मे भक्तो का जत्था पैदल मैहर जा रहा है। स्लीमनाबाद से चारों दिशाओ से मैहर जा रहे भक्तों का जत्था जा रहा है। मैहर जा रहे भक्तों का स्लीमनाबाद मे समाज सेवियों के द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को पानी की उपलब्धता के साथ चाय, फल-फूल ओर फालाहरी वस्तुओ की उपलब्धता करा रहे। समाजसेवी सुधीर हल्दकार ने बताया कि स्लीमनाबाद बाईपास मे हर वर्ष शारदेय व चैत्र नवरात्र मे पंडाल लगाकर मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं की भक्ति सेवा कर पुण्य अर्जित किया जाता है। इस दौरान सुभाष दीक्षित,नरेंद्र यादव के द्वारा भी सेवाभाव मे सहयोग किया जा रहा है।

### उमरियापान में विशाल चुनरी यात्रा 26 को

**उमरियापान।** शारदेय नवरात्र पर्व पर 26 सितंबर 2025, शुक्रवार को नवरात्र पंचमी के अवसर पर सुबह 8 बजे से उमरियापान में विशाल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक समिति के प्रमोद असाटी और अतुल असाटी ने बताया कि 211 मीटर चुनरी के साथ बड़ी माई मंदिर मचखण्डा मोहल्ला से प्रारंभ होकर कटरा बाजार, चंडी माता मंदिर, न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक होते हुए बड़ी माई मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद पुनः बड़ी माई मंदिर से न्यू बस स्टैंड होते हुए चंडी माता प्रांगण विराजित काली माता के पंडाल में प्रस्थान कर समापन होगा।आयोजकों ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

### सिलौंडी बाजार में दो दुकानों के ताले टूटे

**सिलौंडी।** गल्ला बाजार में दो दुकान में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के घटना स्थल पर जांच पड़ताल की। चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने बताया पुष्पेंद्र राय चौकी ने बताया कि उनकी आटो पार्ट्स की दुकान और बाजू वाली पान की दुकान का ताला टूटा है। पुलिस चौकी ने तुरंत पुलिस बल के साथ गल्ला बाजार में पहुंचकर दोनों दुकान का निरीक्षण किया। आटो पार्ट्स दुकान के पेटी से 300 रुपया की चिल्लर और पान दुकान से 1500 रुपया की चोरी हुई है ।प्रारंभिक रूप से ज्ञात होता है अज्ञात चोर सिर्फ रुपया की चोरी के लिए ताला तोड़ा था । जांच चल रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद प्रबंध करने अधिकारियों को दिये निर्देश

# कैमोर में बन रहा 101 फीट का रावण का पुतला, कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



औद्योगिक नगरी कैमोर में दशहरा पर्व को लेकर व्यापक तैयारियो की जा रही है। यहां रावण का 101 फीट ऊंचा पुतला का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बुधवार को कैमोर के एसीसी दशहरा मैदान पहुंच कर दशहरा पर्व पर रावण दहन की व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर ने एसीसी प्रबंधन के अधिकारियों से चर्चा कर यहां आम जनता के प्रवेश हेतु प्रवेश द्वार, सुरक्षा प्रबंध और कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। करीब 101 फिट ऊंचे रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री तिवारी और पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने यहां की सुरक्षा व्यवस्था को चाक- चौबंद करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एस डी एम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता और एसीसी प्रबंधन के अधिकारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने यहां स्व-सहायता समूह की सदस्य दीदियों द्वारा लगाईं गई स्थानीय उत्पादों का अवलोकन किया और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हस्त कौशल कला की सराहना की। रावण दहन दशहरा तक यहां स्व-सहायता समूहों के उत्पादों अचार, पापड़,बरी,रुई की फूल बत्ती, कपड़े, ब्लाउज, सलवार कुर्ते के कपड़े आदि उपलब्ध हैं।





## कट्टा-कारतूस एवं चाकू जब्त दो युवकों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नवरात्र पर्व के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एंव नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा गश्त किया जा रहा है। रंगनाथनगर पुलिस द्वारा पैदल पेट्रोलिंग के दौरान एक व्यक्ति मंगलनगर चौराहे के पास पहुंचा तो साऊथ स्टेशन रोड़ की तरफ संदिग्ध हालत में दिखा। पुलिस को देख भागने का प्रयास किया जिसे पकड़कर उसको चेक किया जो उसके पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस मिला। युवक की पहचान आकाश उर्फ तुसार आरख पिता गनेश आरख 19 साल के रूप में हुई। आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । रात्रि गश्त के दौरान ही एक व्यक्ति साऊथ स्टेशन के पास आमरोड स्ट्रीट लाईट के पास संदिग्ध हालत में दिखा जिसे चेक किया गया जिसके पास से एक लोहे का धारदार चाकू मिला। आरोपित अतुल उर्फ कुलदीप भारती पिता राजेश भारती 18 साल निवासी झर्राटिकुरिया फारेस्टर वार्ड काली मंदिर के सामने को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

## रक्तदान से किसी का जीवन बचाकर पुण्य के बनते है भागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य नारी -सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में एसडीएम राकेश चौरसिया, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद अहिरवार ने स्वैच्छिक रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया।

सेवा पखवाडा अभियान पर विस्तृत जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार ने दी। उन्होने कहा कि नारी स्वस्थ रहेगी तों उसका परिवार सशक्त होगा। इसलिए नारी स्वस्थ रहे इसके लिए जो पोष्टीक आहार का सेवन महिलाओं को करना चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के अमले को ग्रामीण अंचलो मे जाकर महिलाओ को जागरूक करना चाहिए। स्वस्थ नारी -सशक्त परिवार अभियान के के विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर मे जिला अस्पताल से से स्त्री,दंत एवं शिशु विशेषज्ञ चिकित्सक भी आये। शिविर में किशोरी बालिका,गर्भवती महिलाये सहित 400 से अधिक मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है जिसमें गर्भवती महिलाओ का विशेष परीक्षण, संचारी रोग/क्षय रोग अन्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं एनसीडी के अंतर्गत विभिन्न जाँच की जाएगी!साथ ही एनीमिया ओर कुपोषण को रोकने जनजागरूकता कार्यक्रम होंगे।

एसडीएम राकेश चौरसिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह जरूरतमंद की जान बचाने का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। रक्त दान कर हम समाज की सेवा तो करते ही है साथ ही हम किसी का जीवन बचाकर पुण्य के भागी भी बनते है।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश गर्ग, सरपंच मधु ब्रजेश गुप्ता, बीपीएम डॉ अरुण शुक्ला, बीसीएम डॉ राबिन गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य स्टॉफ, एएनएम व आशा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

## उपायुक्त ने समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश



स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गुरूवार को प्रातः 8 बजे से आयोजित होने वाले एक दिन, एक घंटा, एक साथ सामूहिक श्रमदान अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा कार्यक्रम की तैयारियो की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री गुप्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि एक दिन, एक घंटा, एक साथ सामूहिक श्रमदान अभियान मुख्य रेल्वे स्टेशन चौराहा से प्रारंभ होकर सुभाष चैक, झंडा बाजार, जुलूस मार्ग से होता हुआ आजाद चैक में संपन्न होगा। अभियान के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं, एन.सी.सी, छात्र-छात्राओं, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सहित निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में रूट की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट का उठाव किया जाकर जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जायेगा। कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जायेगी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु उपयोग में लाए जाने वाले समस्त आवश्यक संसाधनों झाड़ू, डस्टबिन, ग्लोब्ज, मास्क, हैंड वॉश, कचरा संग्रहण वाहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कार्यक्रम पूर्व सुनिश्चित करानें के निर्देश दिए है।

## शिक्षा के साथ रोजगार की ओर भी विद्यार्थी बढ़ाएं कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शिक्षा के साथ -साथ विद्यार्थी रोजगार स्थापित कर स्वालम्बी बनने की दिशा मे आत्मनिर्भर बन परिपक्व बनने की ओर कदम बढ़ाए तभी शिक्षा की सार्थकता सही होगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालय स्तरों पर रोजगारनमुखी प्रशिक्षण समय -समय पर आयोजित करती है जिससे विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रोजगार की ओर बढ़े।

उक्त बातें प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे 21 दिवसीय रोजगारन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर बुधवार को कही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच संगीता महोबिया रही। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ शैलेन्द्र जाट ने बतलाया कि महाविद्यालय में छात्र- छात्राओं को अल्पावधि रोजगारनमुखी प्रशिक्षण स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तहत दिया 25 दिवसीय चला। छात्र -छात्राओं को फैशन एवं टेक्सटाइल डिजाइनिंग में यह प्रशिक्षण दिया गया जिसमें छात्र -छात्राओं ने वर्ली आर्ट मधुबनी पेंटिंग बंधेज ओर जूट बैग मेकिंग इत्यादि बनाना सीखा। वामा टेक कंप्यूटर डिजाइनिंग इंस्टीट्यूट कटनी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 25 दिवसीय प्रशिक्षण मनीषा कनकने ओर रुचि पांडे के द्वारा सम्पन्न कराया गया। 35 छात्राओं ने प्रशिक्षण मे सहभागिता की। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राये आगे चलकर स्वयं का रोजगार स्थापित कर स्वालम्बी बन सकते है।प्रशिक्षण प्रतिदिन 2 घण्टे छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर ही दिया गया।

इस दौरान डॉ प्रीत नेगी,डॉ प्रीत यादव, डॉ अनिल शाक्य,डॉ किरण खरीदी, भारती यादव, डॉ राजेश कुशवाहा की उपस्थिति रही।

**संदिग्ध गतिविधियों एवं व्यक्तियों की सूचना देने की अपील**

## नवरात्र पर्व पर सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने पुलिस द्वारा किया जा रहा भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नवरात्रि पर्व पर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए लगातार भ्रमण किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों, दुर्गा प्रतिमा पंडालों, गरबा महोत्सव स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर फिक्स पॉइंट बनाकर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस टीमों द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार भ्रमण किया जा रहा है ताकि कानून-व्यवस्था दुरुस्त रहे एवं आमजन सुरक्षित महसूस करें। निर्भया मोबाइल टीम एवं महिला पुलिस बल द्वारा महिला आवागमन वाले स्थानों व मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं पर पैनी नजर रखी जा रही है। आमजन से अपील है कि त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत दें। सूचना हेतु हेल्पलाइन नंबर : 7587615946 डायल : 112 अथवा नजदीकी थाना/चौकी से संपर्क करें। पुलिस नागरिकों से आग्रह करती है कि वे सतर्क रहें, और मिलकर त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं उत्साहपूर्ण माहौल में मनाएँ।

### संयुक्त रूप से की कार्यवाही

यातायात पुलिस शहर में सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के क्रम में यातायात एवं नगम निगम टीम द्वारा बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे रोड पर लोडिंग अनलोडिंग कर रहे वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई एवं वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई कि लोडिंग अनलोडिंग का कार्य दिन के समय न करे साथ ही थाना प्रभारी यातायात द्वारा दुकानदारों से भी आगामी त्यौहारो तक रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 05:00 बजे तक लोडिंग अनलोडिंग कराए जाने की अपील की गई एवं आमजन/श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा शहर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस के सहयोग की भी अपेक्षा की गई।

### कलेक्टर ने विजयराघवगढ़ क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों का किया दौरा

## अस्पताल, तहसीलदार कोर्ट सहित स्कूलों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों और अन्य शासकीय योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन की स्थिति जानने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को विजयराघवगढ़ क्षेत्र के आधा दर्जन स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता, अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह, सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण वनश्री कुर्वेती, परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री एमके पोनीकर, जिला शिक्षा अधिकारी एस एस मरावी, एडीपीसी अभय जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत देवरा कला में धान पंजीयन केन्द्र और खाद वितरण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। यहां पंजीयन कराने पहुंचे ग्राम संगवारा के करीब 65 वर्षीय किसान बिहारीलाल पटेल से कलेक्टर श्री तिवारी ने अकस्मात पूछा- दादा कैसे आना हुआ, कितनी एकड़ जमीन है, कितने एकड़ में धान की बोनी हुई, प्रति एकड़ कितनी उपज हो रही है, धान के लिए पंजीयन कराने में कहीं कोई दिक्कत तो नहीं हुई। तब बिहारी पटेल ने कलेक्टर को बताया कि उन्हें पंजीयन कराने में कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई। उनके खेत में एक एकड़ में करीब 10 क्विंटल धान की उपज होती है। बताया गया कि देवराकला धान पंजीयन केन्द्र में अब तक 332 किसानों के पंजीयन हो गये हैं। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद ऑपरेटर वैभव सोनी से पूछा कि पंजीयन करने के लिए क्या-क्या दस्तावेज लगते हैं जिस पर कंम्प्यूटर ऑपरेटर ने समाधान कारक जवाब दे दिया। यहां ग्रामीणों ने देवरा कला तालाब की मेढ़ में कतिपय लोगों के अतिक्रमण होने की जानकारी कलेक्टर को दी, जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम को निर्देशित किया कि वे तहसीलदार को भेजकर मौका मुआयना करायें।

उपस्वास्थ्य केन्द्र देवराकला में कलेक्टर ने 'स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत आयोजित शिविर में पहुँचकर यहां पंजीकृत गर्भवती महिलाओं और हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त किया और टीबी की बीमारी से पीड़ित मरीजों को पोषण आहार किट प्रदान किया।

कलेक्टर ने विजयराघवगढ़ के राजा सरयू प्रसाद सिंह मेमोरियल शासकीय चिकित्सालय सिविल अस्पताल के पोषण पुनर्वास केन्द्र, बाह्य रोगी कक्ष, गायनिक वार्ड आदि का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शासकीय कन्या हाई स्कूल विजयराघवगढ़ के कक्षा 9 और 10 में पहुँचकर पठन-पाठन गतिविधि का अवलोकन किया और छात्राओं से पूछा कैसी पढ़ाई होती है, पढ़-लिखकर क्या बनोगी। कलेक्टर जब नवीं कक्षा की क्लास में पहुँचे तो यहां संतुलित आहार और कक्षा 10वीं में छात्राओं को संस्कृत पढ़ाया जा रहा था। कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ स्थित बालक और कन्या छात्रावासों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला देवरी मझगवां का भी औचक निरीक्षण किया और बच्चों से संवाद कर प्रश्न पूछे जिसका बच्चों ने जवाब दे दिया। उन्होंने गणवेश और पुस्तक मिलने की जानकारी भी बच्चों से प्राप्त की।

## योजनाओं में वांछित प्रगति नहीं होने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आज गुरुवार 25 सितंबर को दो बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में ₹मां की बगियाः₹ की प्रगति हेतु जिला पंचायत की सीईओ सुश्री तपस्या परिहार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री परिहार ने समीक्षा बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन यंत्री, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ साथ परियोजना अधिकारी (मनरेगा), जिला परियोजना प्रबंधक (एनआरएलएम), सभी जनपद पंचायतों के सहायक यंत्री, उपयंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सहायक लेखा अधिकारी (मनरेगा), विकासखंड प्रबंधक एवं सहायक विकासखंड प्रबंधक एनआरएलएम को निर्धारित एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक के तत्काल पश्चात शाम को समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारयों से मनरेगा, एनआरएलएम सहित विभागीय योजनाओं की गतिविधियों और प्रगति की जानकारी ली तथा नाराजगी जाहिर करते हुए योजनाओं में प्रगति लाने तत्परता पूर्वक आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सहित समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पंचायत के विभिन्न योजनाओं के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 180 पाव अवैध शराब जब्त, 14 प्रकरण दर्ज

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त क्रमांक 02 एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम भरवारा, चनाहटा, खड़ौला, चाका, पुरैनी, लमतरा, पिलौंजी, पड़रिया, बड़ेरा, करैहया, पूंछी, बिस्तरा, कछगवां, जोबा, जोबी में अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकान ने बताया कि टीम द्वारा दविश के दौरान कुल 156 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 24 पाव मसाला कुल 180 पाव मदिरा जप्त की गई। जप्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 14 हजार 244 आंकी गई। इस मामले में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के 12 प्रकरण प्रकरण पंजीबद्ध किये गए इसके साथ 6 खाली तलाशी प्रकरण पंजीबद्ध किया गए। इस कार्यवाही में आबकारी वृत कटनी क्रमांक 02 प्रभारी उप-निरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी वृत विजयराघवगढ़ प्रभारी उप निरीक्षक केशव उइके, आबकारी आरक्षक रामसिंह, प्रभुलाल सेन, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी का योगदान रहा।

### शिविर में 246 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**कटनी।** राज्य शासन के आयुष विभाग के निर्देश पर दशम् आयुर्वेद दिवस, सेवा पखवाड़ा एवं देवारण्य योजना के अंतर्गत विकासखंड बड़वारा के ग्राम बिजौरी में मानव जीवन विकास समिति कार्यालय परिसर में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया की इस शिविर में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 246 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधि वितरित की गई। इसके पश्चात सभी चिकित्सकों ने ग्राम बिजौरी में स्थित देवारण्य पार्क का भी भ्रमण किया। शिविर में जिले के चिकित्सक, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव श्री निर्भय सिंह सहित कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

### विद्यार्थियों को औषधीय पौधों का किया वितरण

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर ईको क्लब एवं वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। साथ ही विद्याथियों को औषधीय पौधों के बीजों का वितरण किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई ने बेलपत्र, गिलोय, अशोक के फायदों सहित प्राचीन काल से अभी तक पूर्ण औषधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. एस. के. खरे ने प्राकृतिक एवं प्राचीन चिकित्सा पद्धति के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नीम एवं करेले के रस से मधुमेह बीमारी में होने वाले फायदे के बारे में भी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त ईको क्लब प्रभारी ज्योत्स्ना आठ्या ने आयुर्वेद के सिद्धान्त और आयुर्वेद विज्ञान द्वारा शरीर, मन, आत्मा के बीच बीमारियों को रोकने के विषय में बताया।कार्यक्रम में डॉ अनिल गौतम ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक लक्ष्मी नायक, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ. आर पी. सिंह, डॉ. सरदार दिवाकार सहायक प्राध्यापक, डॉ. संगीता बासरानी, अतिथि शिक्षकों डॉ. अनिल गौतम, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### छात्रों को डिजिटल अपराध से बचाव के बताए तरीके

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान, सुरक्षित डिजिटल भारत, 'सामाजिक एकता, मजबूत राष्ट्र की पहचान' विषय पर समूह चर्चा, वाद-विवाद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। यहां उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये।

---

शराब की अवैध बिक्री एवं लाडली बहना योजना से नाम काटने से आक्रोश

# हाथों में लाठियां एवं तख्ती लेकर महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब की अवैध बिक्री एवं लाडली बहना योजना से नाम काटे जाने से आक्रोशित महिलाओं ने हाथों में डंडा एवं तख्ती लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. एक खान के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए अवैध शराब की बिक्री पर कार्यवाही करने एवं और लाडली बहना योजना में अनियमितताओं का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एक घंटे के प्रदर्शन के बाद उन्होंने डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा को अपनी शिकायतों का ज्ञापन सौंपा।





महिला माया बाई ने बताया कि तिलनगवां, बरियारपुर, करहिया और हाईवे के भोजनालयों में अवैध शराब बेची जा रही है। इससे युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। सड़क किनारे अवैध शराब बिक्री से दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध शराब की बिक्री नहीं रुकी तो वे खुद इसे रोकने के लिए सड़कों पर उतरेंगी।

#### सरपंच व सचिव पर आरोप

महिलाओं का कहना था कि लाडली बहना योजना में अनियमितताओं की शिकायत भी की। महिलाओं ने कहा कि उनके गांव में कई पात्र महिलाएं इस योजना के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार पंचायत और जनपद कार्यालयों में इस संबंध में आवेदन दिए गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कुछ महिलाओं ने तो यहां तक आरोप लगाया कि सरपंच और सचिव की मिलीभगत से जानबूझकर उनका नाम इस योजना से काट दिया गया है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री और लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित महिलाओं के संबंध में एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

---



## निगमायुक्त की हिदायत पर हांका टीम हुई सक्रिय, मवेशियों सड़कों से भगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के सार्वजनिक मार्गों में घुमंतू मवेशियों के विचरण पर प्रतिबंध लगाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस द्वारा दी गई सख्त हिदायत पर निगम की हांका टीम द्वारा मंगलवार रात्रि विशेष अभियान चलाकर घुमंतू मवेशियों को मुख्य मार्गो से अलग कर नगरीय सीमा से बाहर करने की कार्यवाही की गई।

इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक दीपक मलिक ने बताया गया कि आवारा मवेशियों के सार्वजनिक मार्गो में विचरण पर लगाम लगाने के उद्देश्य से मंगलवार रात्रि नगर के विभिन्न स्थलों चांडक चौक, जालपा मंदिर एवं आस-पास, माधव नगर गेट विश्राम बाबा गेट, दुगाडी नाला तथा कार्यालय कलेक्ट्रेट से लेकर पीर बाबा तक सार्वजनिक मार्गो में आवारा रूप से विचरण करने एवं बैठने वाले लगभग 175 धुमंतु मवेशियों को हांका लगाते हुए नगर निगम सीमा से बाहर किया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर की सफाई व्यवस्था एवं सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक मार्गों में विचरण कर गंदगी फैलाने एवं आवागमन बाधित करने वाले घुमंतू मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजने के साथ ही नगरीय सीमा से बाहर करने की कार्यवाही के साथ ही पशुपालकों पर जुर्माना एवं वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम प्रशासन द्वारा गौ पालकों से अपने-अपने पशुओं को सार्वजनिक मार्गों पर ना छोड़ते हुए शहर को व्यवस्थित बनाने में सहयोग की अपेक्षा की गई है।

---

शासकीय महाविद्यालय में हुआ जागरूकता अभियान का आयोजन

## साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आधुनिक तकनीक को समझना बेहद आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया और एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा पुलिस लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है।



ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में पुलिस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि समय-समय पर आने वाले त्योहारों में उनकी सहभागिता आवश्यक है इसके लिए वह ग्राम रक्षा एवं नगर रक्षा समितियों से जुड़े और स्वयं सेवा कर अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करें। विद्यार्थियों को यह भी बताया कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आधुनिक तकनीक को समझना और जागरूक होना बहुत जरूरी है अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करने से बचें। ट्रेफिक अवेयरनेस के बारे में हेलमेट पहनने के फायदे एवं ना पहनने से होने वाली जनहानि के बारे में बताते हुए थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने कहा कि कोरोना काल में जितनी मृत्यु कोरोना से नहीं हुई उससे कहीं ज्यादा मृत्यु प्रतिवर्ष एक्सीडेंट से होती हैं। छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए छात्राओं से अपील की गई कि गोपनीय रूप से पुलिस को जानकारी दे सकती हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि नशे से किसी भी इंसान को चार प्रकार की हानियां होती हैं। सबसे पहले शारीरिक, फिर मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से नशा व्यक्ति को पूरी तरह से तबाह कर देता है। एक व्यक्ति को नशे की लत लग जाने के कारण उसका पूरा परिवार परेशानियों का सामना करता है। साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ अपना करियर कैसे बनाएं इसके बारे में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राओं के अलावा प्रभारी प्राचार्य श्री अहिरवार जी एवं उनका स्टाफ भी मौजूद था।

---

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



दशम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिले में संचालित आयुष विंग, आयुष औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में नि:शुल्क बी.पी., शुगर जांच, प्रकृति परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, आयुर्वेद विधा अनुसार आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या विमर्श सुविधाएं दी गई। जन स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधा, नैदानिक जांच, (बी.पी., ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन) सहित आयुष दवाईयां उपलब्ध कराई गईं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया कि शिविर में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सा परामर्श देकर, सिकिल सेल एनीमिया, संबंधित क्षेत्रों में जागरूकता, स्वच्छता अभियान, औषधीय पौधों का वृक्षारोपण, योग शिविर, सेवा पखवाडा अभियान सहित पोषण कार्यक्रम आयोजन किया गया। साथ ही 'आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए' की थीम पर लगभग 1300 रोगियों की चिकित्सा की गई। इसके अतिरिक्त आदर्श आयुष्मान आरोग्य मंदिर रैपुरा में जन स्वास्थ्य कार्यकम (आयुर्विद्या, सुप्रजा, ऑस्टिओअर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल व्याधियों की रोकथाम एवं प्रबंधन, वयोमित्र, कारूण्य) का शुभारम्भ भी शिविर के माध्यम से किया गया।

---

## पोषण मटका तैयार कर दी गईं जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मे राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत आँगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। स्लीमनाबाद सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र मटवारा मे पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आँगनबाड़ी केंद्र में रंगोली से सजावट कर और पोषण युक्त तत्वों से पोषण मटका तैयार किया गया। आगनवाड़ी कार्यकर्ता ने महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए। इससे बच्चा स्वस्थ और रोगों से दूर रहेगा। इसलिए खाने में प्रतिदिन पोषक तत्व घर में जरूर खिलाएं। आगनवाड़ी पहुँची महिलाओं और बच्चों का वजन भी किया गया। उनकी जांच की गई।



महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

पर्यवेक्षक पुष्पा आरख के द्वारा पोषण अभियान की थीम अनुसार स्थानीय उत्पादों, खिलौनों व पौष्टीक खाद्य पदार्थो के बारे जागरूक किया गया। साथ ही स्वयं निर्मित स्वदेशी खिलौने व स्थानीय व्यंजनों का प्रचार -प्रसार करने कहा। स्थानीय पौष्टीक खाद्य पदार्थो का सेवन बच्चों को कराये व आप स्वयं करें जिससे शरीर स्वास्थ्य रहेगा। महिलाओं को उनके बच्चों की वृद्धि ,निगरानी और विकास के बारे में समझाया गया।पोषण युक्त खाद्य पदार्थों को एकत्रित कर पोषण मटका तैयार किया गया। बच्चों की स्थिति कमजोर और कुपोषित होने पर बच्चों को एनआरसी में भर्ती करने की समझाइश दी। स्वास्थ्य देखभाल को लेकर महिलाओं को जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम मे स्थानीय पौष्टीक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गईं।

---

तेवरी में 1938 में बुजुर्गों ने रामलीला मंचन की रखी थी नींव

## 87 वर्षों से स्थानीय कलाकार कर रहे भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

तहसील की ग्राम पंचायत तेवरी में स्थानीय मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है जो अनवरत 87 वर्षो से जारी है। प्रतिवर्ष तेवरी की स्थानीय श्रीकृष्ण रामलीला समिति के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

1938 में तेवरी गांव के कुछ बुजुर्गों ने मिलकर भगवान श्रीराम की लीलाओं के मंचन की परंपरा शुरू की थी। उस परंपरा को गांव के युवा व बुजुर्ग 87 साल से निभाते चले आ रहे हैं। हर साल नवरात्र से पूर्व 15 दिनों तक रामलीला का मंचन गांव में स्थानीय कलाकार ही करते हैं और वर्तमान में तीसरी पीढ़ी परंपरा का निर्वहन कर रही है। वर्ष 1938 में तेवरी निवासी ठाकुर बुद्ध



सिंह ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर स्थानीय कलाकारों को मंच देने के लिए श्रीकृष्ण रामलीला नाट्य समिति की स्थापना की थी। जो हर साल नवरात्र में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन करती थी और नए कलाकारों को भी उससे जोड़ती थी। लीला के अलावा विभिन्न कथाओं पर आधारित नाटकों का मंचन भी किया जाता था, जिसे देखने सैकड़ों लोग पहुंचते थे। दूसरी पीढ़ी में बुद्ध सिंह के पुत्र गेंद सिंह ने समिति अध्यक्ष रहते हुए कई साल तक परंपरा को जीवित रखा तो वर्तमान में तीसरी पीढ़ी के पुरुषोत्तम सिंह अगुवाई कर रहे हैं।

समिति के शुरुआत के दिनों से जुड़े गांव के बुजुर्ग भोलाराम कुशवाहा, तेजी लाल कुशवाहा, धनीराम कुशवाहा, बिहारी लाल कुशवाहा, विमल कुशवाहा आज भी मंचन के दौरान कलाकारों का उत्साह बढ़ाने पहुंचते हैं। उनका कहना है कि यह कलाकारों की कला को सामने लाने का मंच स्थापित हुआ था और खुशी होती है कि बुजुर्गों की परंपरा को युवा जीवित रखे हुए हैं। खुद गुप्ता भी कभी कभार मंचन का हिस्सा बनते हैं तो बुजुर्ग रिटायर्ड शिक्षक अवसर सिंह भी रावण का किरदार निभाने पहुंचते हैं। पूरी कमेटी का संचालन बुजुर्ग महादेव असाटी के हाथों में होता है, जो स्वयं अंगद का किरदार निभाते है। समिति अध्यक्ष पुरषोत्तम सिंह ठाकुर ने बताया कि आधुनिकता की चकाचौंध में आने वाली पीढ़ी को भगवान श्रीराम के चरित्र व संदेश से अवगत कराने के लिए प्रतिवर्ष रामलीला मंचन किया जाता है।

---

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

## कम प्रगति पर 10 विभागों को फटकार, शिकायतों के शीघ्र निराकण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता बरतें, आवेदकों से संवाद करें और शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डी श्रेणी और स्टेट रैंकिंग से कम प्रगति वाले विभागों के कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुये 10 विभागों को अपने कार्यों में सुधार लाने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश अधिकारियों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में दिया।



कलेक्टर श्री तिवारी ने समय-सीमा की बैठक में राजस्व विभाग, वित्त विभाग, खनिज साधन विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, सामान्य प्रशासन विभाग, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं श्रम विभाग में अधिक संख्या में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर असंतोष व्यक्त करते हुये अभियान चलाकर शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वकर्मा को 50 दिवस से अधिक लंबित मामलों के प्रपत्र निरंतर समीक्षा करने हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीपीग्राम से प्राप्त शिकायतों एवं समाधान ऑनलाईन के संबंध में भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

#### टीएल में व्हीसी से जुड़ेंगे विकासखंड स्तरीय अधिकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने समय-सीमा बैठक में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन की व्यवस्थित समीक्षा करने के उद्देश्य से निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में जहां सभी विभागों के जिला अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। तो वहीं तहसील स्तर पर संबंधित तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, विद्युत सहित अन्य विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समय-सीमा बैठक से वर्चुअली जुड़ेंगे। साथ ही कलेक्टर ने विभागों के जिला अधिकारियों को जनसुनवाई में स्वयं मौजूद रहने के निर्देश दिए।

#### शत-प्रतिशत करायें ई-केवाईसी

कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम व जनपद पंचायतों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराया जाना सुनिश्चित करें। ताकि हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न होने पाये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को सेवा पखवाड़ा संचालन से संबद्ध विभागों के अधिकारियों को अपने विभागों की गतिविधियों का बेहतर और सक्रियता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने अस्पतालों में स्वच्छता अभियान, कुपोषित और अति गंभीर कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन, कर्मयोगी अभियान, स्कूलों व कॉलेजों में विभिन्न गतिविधियों के साथ ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की भी समीक्षा की।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल मौजूद रहें।

---

### परख' ऐप से होगा हॉस्टलों का निरीक्षण

**कटनी।** जिले में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए संचालित छात्रावासों और आश्रमों की नियमित निगरानी अब 'परख' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से की जाएगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने पहले जारी किए गए आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये जिले के विभिन्न छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों का कार्य दायित्व तय किया है। इस संशोधित आदेश में विकासखंड कटनी, बड़वारा, विजयराघवगढ़, रीठी, ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद के छात्रावासों एवं आश्रमों के लिए अलग-अलग अधिकारियों को निरीक्षण का जिम्मा सौंपा गया है। इन अधिकारियों में तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत), प्राचार्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हैं। ये अधिकारी छात्रावासों का निरीक्षण कर प्रतिमाह निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारी पहले ऐप पर अपना पंजीकरण करेंगे।


### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती यशोदा बाई बंशकार पिता स्व. रामाधीन पति स्व. राम चरण उम्र. लग. 63 साल निवासी वंशरूप वार्ड गड्डा टोला जिला कटनी म.प्र. कि मैं शपथकर्ती उपरोक्त पते पर स्थाई निवास है। मेरे पिता स्व. रामाधीन वल्द स्व. शारदा आयुध निर्माणी में मेंटर फिटर के पद कार्य करते थे। कार्य के दौरान उनकी मृत्यु दिनांक 05/10/1972 को हो गई थी, पश्चात में मेरी माँ को पिता की परिवार पेंशन प्राप्त होने लगी थी, एवं माता फुलमतिया बाई को अनुकम्पा न्युक्ति प्राप्त हुई थी। माता के रिटार्यमेंट के बाद उन्हें भी सर्विस पेंशन प्राप्त हो रही थी। उनकी मृत्यु दिनांक 16/10/2016 को हो चुकी थी। मैं अपने माता पिता की विधवा पुत्री यशोदा बाई वंशकार हूँ मैं अपने माता पिता की विधवा पुत्री होने के नाते परिवार पेंशन प्राप्त करना चाहती हूं। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड मेरा नाम नहीं होने से सिविल कोर्ट द्वारा डिग्री पारित कराया गया है जिससे मुझ स्व. रामा धीन की पुत्री घोषित किया गया है।मेरे स्वंय के कागजात में आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक में मेरा नाम यशोदा बंशकार दर्ज है। यह कि यशोदा बाई एवं यशोदा बाई बंशकार ये दोनो नाम मेरे ही है। चूंकि यशोदा बाई बंशकार लिखा एवं पढ़ा जावे।

**शपथकर्ती - यशोदा बाई वंशकार**

# शारदेय नवरात्री की धूम, शक्ति की भक्ति में लीं श्रद्धालुः गैसाबाद में जगत जननी मां की बनी मनमोहक झांकियां


गैसाबाद। चंडी माता दुर्गा उत्सव समिति


गैसाबाद। श्री पिपरासन माता मंदिर में विराजी माँ


गैसाबाद। श्री बंजारी माता दुर्गा उत्सव समिति


गैसाबाद। श्री राम लाला दुर्गा उत्सव समिति


गैसाबाद। श्री सती माता दुर्गा उत्सव समिति

**गैसाबाद।** नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम का माहौल धर्ममय बना हुआ है। जगह-जगह मां अंबे की मूर्तियों की स्थापना कर श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बस स्टैंड बंजारी चौक पर जय बंजारी मां दुर्गा उत्सव समिति, श्री राम मंदिर परिसर में श्रीराम लाल दुर्गा उत्सव समिति, चंडी माता चौक पर चंडी माता दुर्गा उत्सव समिति हाई स्कूल के पास श्री शक्ति माता दुर्गा उत्सव समिति एवं हरिजन मोहल्ला में दुर्गा मैया की स्थापना की गई है। प्रातः 4: बजे से बड़ी देवी शीतला माता पिपरासन माता एवं बंजारी माता की मडिया में मां का जल अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है।

### जबेरा में 79 साल पुरानी दुर्गा पूजा, जागेश्वरनाथ धाम में 52 साल से विराजी माँ

# जबेरा और बांदकपुर की अद्भुत परंपराएँ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार/जबेरा

आस्था और परंपरा की गवाही देता है दमोह जिला। यहां जबेरा और बांदकपुर नगर दशकों से ऐसी धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं, जो बदलते वक्त के साथ और भी मजबूत हुई हैं।

## जबेरा की 79 साल पुरानी परंपरा

वर्ष 1947 में देश आज़ाद हुआ तो जबेरा ब्लॉक के नया बाजार में पहली बार दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित की गई। अंग्रेज़ों पर विजय की खुशी को मां के चरणों में समर्पित करते हुए ग्रामवासियों ने यह परंपरा शुरू की, जो अब 79वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। खास बात यह है कि न तो प्रतिमा का स्वरूप बदला और न पूजा का तरीका।मूर्तिकारों से वैसी ही प्रतिमा बना रहे हैं जैसी 1947 में बनी थी। हर साल भव्य श्रृंगार, रात्रिकालीन भजन-कीर्तन और दशहरे पर विशेष आयोजन यहां की पहचान है।

## बांदकपुर की 52 साल की आस्था

उधर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध देव श्री जागेश्वरनाथ धाम, बांदकपुर में 52 वर्षों से मंदिर के मुख्य द्वार पर माता रानी की 16 श्रृंगार वाली प्रतिमा विराजमान की जा रही है। सोलह श्रृंगार को सुख-समृद्धि का प्रतीक मानते हुए दुर्गा उत्सव समिति, बाजार चौक हर साल उसी स्वरूप में प्रतिमा स्थापित करती है। अष्टमी पर कन्या भोज और हवन, नवमी पर शिवरात्रि जागरण और दशमी पर चल समारोह के साथ विसर्जन इस परंपरा का अहम हिस्सा है।

## आस्था की विरासत

एक ओर जबेरा में आज़ादी की यादों से जुड़ी 79 साल पुरानी दुर्गा पूजा है, तो दूसरी ओर बांदकपुर में 52 साल से सुख-समृद्धि का प्रतीक 16 श्रृंगार वाली प्रतिमा। दोनों परंपराएँ न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं बल्कि बदलते दौर में संस्कृति और विरासत को संजोने का प्रेरक उदाहरण भी हैं।

## मां पीतांबरा के आंगन में जलाए पांच हजार से ज्यादा दीप



**हटा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर तृतीया तिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं राष्ट्रीय कला मंच इकाई हटा द्वारा सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने देवश्री गौरीशंकर मां पीतांबरा पीठ के आंगन में पांच हजार से ज्यादा दीप जलाकर नव ज्योति पर्व दीपोत्सव मनाकर मां की आराधना की गई। इसके उपरांत मां पीतांबरा देव श्री गौरी शंकर की महा आरती की गई। झिलमिलाते हजारों दीपकों से समूचा मंदिर प्रांगण आकर्षण का केंद्र रहा जहां श्रद्धालु अपने-अपने मोबाइल फोन पर सेल्फी लेते हुए नजर आए।

## अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**जबेरा ।** राज्य आनंद संस्थान अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिले के विकासखंड जबेरा में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में सुख और दुख दो पहलू हैं और दोनों लंबे समय तक स्थायी नहीं रहते। इन्हीं परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने और तनाव व अवसाद से मुक्ति पाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मार्गदर्शन देते हुए कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि अल्पविराम प्रशिक्षण जीवन की कठिनाइयों से बाहर आने का एक सशक्त माध्यम है। किसी से माफी मांगना और उसे माफ करना कठिन कार्य है, किंतु अल्पविराम अभ्यास से यह गुण जीवन में सहज रूप से विकसित किया जा सकता है, जो आनंदमय जीवन के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, राज्य आनंद संस्थान के संपर्क व्यक्ति रमेश व्यास, उषा व्यास, श्रीमती उपाध्याय, जिला जन अभियान परिषद दमोह तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस ने 6 गाय को कुचला, चार की मौत

### हिंदू संगठनों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



मंगलवार बीती रात तेजगढ़ क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा घटित हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। एक बस चालक नशे की हालत में धुत्त होकर बस चला रहा था। जानकारी के अनुसार, सबसे पहले बस ने तेजगढ़ कलारी के समीप खड़े एक ऑटो को पीछे से ज़ोरदार टक्कर मारी और तेज गति से मौके से भाग निकला। इसके बाद बस ने करौंदी के समीप नायरा पेट्रोलियम के पास फिर एक भीषण टक्कर मारी, जिसमें छह गौ वंश बेरहमी से कुचल दिए गए। इस दर्दनाक हादसे में चार गौ वंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सबसे भयावह दृश्य तब सामने आया जब एक गौ माता बस के दोनों चक्कों में फंस गई और करीब 500 मीटर तक घसीटती रही। ग्रामीणों व परासई-महुवाघाट के युवाओं ने साहस दिखाते हुए बस का पीछा किया और अंततः चालक को पकड़ने में सफल रहे। हादसे के दौरान का दृश्य देखकर हर कोई आक्रोशित हो उठा। घटना के बाद हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हुए और करीब एक घंटे तक रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। प्रशासन को प्रदर्शनकारियों को समझाइश देने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि "पुलिस प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएँ न घटें।

## समाज के नाम अपील

इस घटना से एक बड़ा सबक मिलता है कि नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है बल्कि निर्दोष जीवन के लिए खतरा भी है। सभी नागरिकों से निवेदन है कि नशा करके वाहन न चलाएँ और सड़क पर गौ वंश सहित सभी जीवों की रक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझें।

# 20 हजार से अधिक किसानों को मिली प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव द्वारा धान प्रोत्साहन राशि का वितरण प्रदेश के 669272 किसानों के खातों में 337.12 करोड रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से आंतरित की गई। जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आथित्य में बुधवार को कृषि उपज मंडी जबेरा में किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों एवं क्षेत्र के अनेकों किसानों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की थी कि खरीफ सीजन के वर्ष 2024 में धान फसल उपार्जन 100 रुपए प्रति क्विंटल किसानों को दिया जाएगा और वही वादा आज पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हमने कैबिनेट की बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी से जो भावांतर योजना बंद हो गई थी उसे पुनः प्रारंभ कराने का आग्रह किया है और आने वाले समय में भावांतर योजना का लाभ भी हमारे किसान भाइयों को मिलेगा। कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने व्यक्त करते हुए राज्यमंत्री श्री लोधी से मांग की है कि हमारे विकासखंड जबेरा में धान अनुसंधान केंद्र खोला जाए एवं क्षत्रिय धान की देसी किस्म को जिओ रैगिंग हो जाए तो पूरी दुनिया में क्षेत्र की धान जानी जाएगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री के निज सचिव मानवेंद्र सिंह, मंडी सचिव महिपाल सिंह,केएल चौरसिया, श्रीकांत साहू, दिनेश पटेल, प्रिंस जैन, दीपक पटेल, बसंत खरे, लक्ष्मण राय, श्रवण सिंह ठाकुर, धनीराम शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अनेकों किसानों की उपस्थिति रही।

# जेल में निरूद्ध व्यक्ति को धर्मपालन का अधिकार- शर्मा



**दमोह।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में 23 सितम्बर को जिला जेल में बंदियों के अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में तृतीय जिला न्यायाधीश विश्वनाथ शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। तृतीय जिला न्यायाधीश विश्वनाथ शर्मा ने बंदियों को संबोधित करते हुये प्लीबारगेनिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रकरणों के निपटारा किये जाने के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी से बंदीगण को अवगत कराया। साथ ही बंदियों के अधिकार, मुलाकात का अधिकार, पढ़ने-लिखने, मनोरंजन, उपचार का अधिकार आदि जानकारी दी गई। आपने बताया बंदियों के जेल में रहने के दौरान अपने-अपने धर्मपालन का अधिकार प्राप्त है, ऐसे बंदी को अपने धर्म के अनुसार पूजा-पाठ एवं धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन करने की अनुमति प्राप्त है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया ने उपस्थित बंदियों को बताया कि बंदियों के प्रकरणों में निःशुल्क विधिक सहायता योजना अंतर्गत निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है, जिस हेतु उन्हें जेल के माध्यम से अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह को भेजना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में बंदियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान बताया गया एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति द्वारा किया गया।

# गायिका शहनाज अख्तर ने बांधा समां

### उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में गूंजे जय माता दी के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नवरात्रि शक्ति पर्व के शुभ अवसर पर मंगलवार को उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी मधुर आवाज़ में देवी गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले मंत्री धर्मेंद्र सिंह के द्वारा सभी उपस्थित एवं क्षेत्र वासियों को नवरात्रि की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वातावरण में चारों ओर जय माँ दुर्गा के जयकारे गूंजते रहे और उपस्थित जनसमुदाय भक्ति में सराबोर हो गया। भजन संध्या में शहनाज अख्तर द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक देवी गीतों एवं धार्मिक गीतों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का आयोजन पूर्णतः श्रद्धापूर्ण एवं सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप रहा। उपस्थित जनसमूह ने संस्कृति विभाग एवं मंत्री धर्मेन्द्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह ,नितेंद्र सिह,मंत्री पीए मानवेंद्र सिंह ,नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन, सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिंह ,राजकुमार ठाकुर नरगुँवा , मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल ,डॉं परम सिंह ,सत्यम जैन ,हर्ष राजपूत, गुड्डु दुबे ,श्रीमती रश्मि साहू, डॉ अनूप सिंह, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह ,एसडीएम सौरव गंधर्व , एसडीओपी डी एस ठाकुर, तहसीलदार विवेक व्यास ,थाना प्रभारी नितेश जैन , एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जीएसटी बचत के तहत तेंदूखेड़ा में सांसद ने किया भ्रमण



**तेंदूखेड़ा।** दमोह संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद राहुल सिंह लोधी बुधवार को तेंदूखेड़ा नगर पहुंचे जहां पर भ्रमण कर स्वदेशी अपनाओ और जीएसटी बचत उत्सव के संदेश को आमजन तक पहुँचाया। इस अवसर पर उन्होंने नगर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर स्वयं जाकर स्टीकर एवं पोस्टर लगाए और व्यापारियों से संवाद करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया। व्यापारियों से आत्मीय संवाद सांसद श्री लोधी ने व्यापारियों से कहा कि "स्वदेशी अपनाना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा कर्तव्य है। जीएसटी बचत उत्सव के माध्यम से हम उपभोक्ताओं को सही जानकारी एवं सुविधा देने के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं।" उपस्थित गणमान्यजनः इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री दशरथ सिंह लोधी ,विधायक प्रतिनिधि सतेन्द्र सिह नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिंह सरपंच संघ की अध्यक्ष नीतू साहू तारादेही मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल युवा नेता राजकुमार ठाकुर नरगुँवा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बटियागढ़ में खंड स्तरीय महिला स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**दमोह।** स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार के तहत खंड स्तरीय महिला स्वास्थ्य शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ में संपन्न हुआ। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया रक्तदान शिविर में 09 यूनिट रक्त एकत्रण किया गया।



शिविर में विभिन्न आयुवर्ग की 61 महिलाओं सहित 389 आमजन, स्वास्थ्य सेवाओं से लाभांवित हुए। शिविर से लाभांवित हुई महिलाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न विधाओं से संबंधित विशेषज्ञ सेवायें मिलना अत्यंत उपयोगी रहा। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका छाबड़ा सहित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश राय, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ मधुर ने अपनी सेवायें दी। शिविर में पहुँची विभिन्न आयुवर्ग की महिलाओं का प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार नैदानिक जांच व ईट राईट थीम पर पोषण आहार केन्द्रित परामर्श सेवायें दी गई। विकासखंड के स्थानीय समाजसेवी श्रीकांत पटेल सहित क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान शिविर में 09 यूनिट रक्त एकत्रण किया गया। रक्तदान शिविर में स्थानीय युवा शुभम, सुनील लोधी, करण सिंह, अंकित पाण्डे, नीतेश कुमार, सिद्धांत दुबे, सौरभ गौतम एवं धर्मेश गौतम ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जन्म जयंती के अवसर पर राज्यपाल मंगूभाई पटैल जी का होगा आगमन

## महादेव घाट में भगवान बिरसा मुंडा जी एवं तेंदूखेड़ा क्षेत्र में शंकर शाह, रघुनाथ शाह जी की मूर्ति स्थापित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की जन्म जयंती के अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटैल जी का आगमन होगा और 100 लाख रुपए की लागत से बने मंदिर परिसर का लोकार्पण करेंगे। आने वाले समय में महादेव घाट रौड़ में भगवान बिरसा मुंडा जी की मूर्ति एवं तेंदूखेड़ा क्षेत्र में अमर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने आज जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चौरई में कार्यक्रम स्थल भ्रमण एवं अधिकारियों की बैठक में व्यक्त किये। संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा 05 अक्टूबर को राज्यपाल मंगूभाई पटेल जी रानी दुर्गावती की जयंती के अवसर पर पधार रहे है। उसी के संबंध में आज स्थल का निरीक्षण किया। राज्यपाल के आगमन को लेकर सारी चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है और एक बड़ा कार्यक्रम चौरई बड़ादेव मंदिर में होने जा रहा है, जिसमें 100 लाख रूपये की राशि से जो मंदिर परिसर बनकर तैयार हुआ है, उसका लोकापर्ण भी राज्यपाल करेगें और रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर सिंग्रामपुर में माल्यार्पण भी करेगें। उन्होंने कहा बहुत ही अच्छा और ऐतिहासिक कार्यक्रम यहॉ होने जा रहा है।



राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा दमोह जिले की जबेरा विधानसभा में बड़े कार्यक्रम होते रहे हैं, चाहे मध्य प्रदेश की कैबिनेट बैठक, राष्ट्रपति जी का आगमन, मुख्यमंत्री जी का आगमन या बड़े-बड़े मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह हो।

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी ने अब 05 अक्टूबर 2025 को महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल जी को आमंत्रित किया है, जो जनपद जबेरा के ग्राम चौरई ऊपर पहाड़ पहुंचेंगे और 100 लाख रूपये की लागत से बने बड़ादेव मंदिर परिसर का लोकार्पण करेंगे।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने चौरई ग्राम में बन रहे बड़ादेव मंदिर परिसर का जायजा लिया, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग व्यवस्था, हैलीपेड व्यवस्था, एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके पूर्व कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंत्री के निज निवास नोहटा में भी आदिवासी समाज की बैठक आयोजित कर रूप रेखा तैयार की गई। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला जनसंपर्क अधिकारी बाई एस कुरेशी,एसडीएम सौरव गंधर्व सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

नवरात्रि चतुर्थ दिवस : माता कूष्मांडा

## अणु से अलंकृत मां कूष्मांडा सरलता की मूरत है: श्री भगवान वेदांताचार्य

**दमोह।** बौद्धिक ज्ञान वाणी और इंद्रिय से परे अजन्मा है। वह भी मां की गोद में बैठे के लिए उस के आंचल की छांव में खेलने के लिए जन्म लेता है । जिसे वैश्वानर की उपाधि प्राप्त है। विश्व में अनेकों रूपों में शक्ति की उपासना की जाती है। लेकिन भारत शक्ति की उपासना का केन्द्र बना क्योंकि कुष्मांडा रूपी शक्ति ने इसे पुष्पित किया पल्लवित किया। जैसे फूल को माली देखता है सिंचित करता है। 'कू' का अर्थ है छोटा, 'ष' का अर्थ है ऊर्जा और 'अंडा' का अर्थ है ब्रह्मांडीय गोला सृष्टि या ऊर्जा का छोटे से वृहद ब्रह्मांडीय गोला। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में ऊर्जा का संचार छोटे से बड़े में होता है या बड़े से छोटा में होता है और छोटे से बड़ा। यह बीज से बढ़ कर फल बनता है और फिर फल से दोबारा बीज हो जाता है। इसी प्रकार, ऊर्जा या चेतना में सूक्ष्म से सूक्ष्मतम होने का और विशाल से विशालतम होने का विशेष गुण है, जिसकी व्याख्या देवी कूष्मांडा करती हैं। इसका अर्थ यह भी है कि देवी माँ हमारे अंदर प्राणशक्ति के रूप में प्रकट रहती हैं। कुछ क्षणों अपने आप को उन्नत करने के लिए अपनी प्रज्ञा, बुद्धि को सर्वोच्च बुद्धिमत्ता जो जीवन में प्रचुरता, बहुतायत और पूर्णता का अनुभव दे साथ ही सम्पूर्ण जगत के हर कण में ऊर्जा और प्राणशक्ति का अनुभव करेंगे । इस सर्वव्यापी, जागृत, प्रत्यक्ष बुद्धिमत्ता का सृष्टि में अनुभव करना ही कूष्माण्डा है। अंडज नाम है ब्रह्मांड का उस में भारत ही एक मात्र ऐसा देश है, जहाँ शक्ति को माँ कहकर पुकारा जाता है। माँ, जो अतुल्य आनंद एवं मातृत्व का स्त्रोत है, जो सदा अक्षुण्ण, अबाध रूप सदा सृजन में व्यस्त है। जिस प्रकार लौकिक माँ अपने बालक के विकास के लिए कभी स्नेह की वर्षा करती है, तो कभी क्रोधित होती है। ठीक उसी प्रकार माँ जगदम्बिका भी हम मानवों के कल्याण हेतु विविध रूप धारण कर इस धरा पर अवतीर्ण हुई । जिसमें चतुर्थ रूप कूष्मांडा का है चतुर्थीःतिथि में पीला रंग खुशी और जयकार का द्वैतक है, जो कि देवी के प्रतीक हैं। यहां श्री भगवान वेदांताचार्य जी का कथा है कि ऊर्जा या चेतना में सूक्ष्म से सूक्ष्मतम होने का और विशाल से विशालतम होने का विशेष गुण है। अणोरणीयान महतो महीयान आत्मा अणु से भी सूक्ष्मतर और अत्यंत विशाल महानतम से भी महान है। यह आत्म-तत्व का वर्णन जो जीव के हृदय-गुफा में छिपा है जिसकी महिमा को केवल कामनाओं से मुक्त और मां कूष्मांडा की कृपा से ही जाना जा सकता है जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति की कारक है ।


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम

## 61 वर्ष से लगातार रखी जा रही है माता रानी की प्रतिमा

**बटियागढ़।** नवदुर्गा उत्सव समिति नया बाजार बटियागढ़ द्वारा हर साल की तरह इस साल भी माता रानी की प्रतिमा की स्थापना की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रद्धालुओं द्वारा डीजे बाजे और आतिशबाजी के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ माता रानी की प्रतिमा की स्थापना की गई। इसी तरह शिव मंदिर प्रांगण , अस्पताल परिषद, जनपद पंचायत परिषद, सरिया तिराहा, थाना परिसर और हरसिद्धि मुहल्ला आदि स्थानों पर माता रानी की प्रतिमा की स्थापना की गई।



## नीमा संगठन ने विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नीमा शाखा दमोह द्वारा विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया गया जिसमें में मुख्य रूप से वक्ता के रूप मे डॉ.केदार शिवहरे एवं डॉ.आर.के जैन द्वारा आयुर्वेद पर अपनी बात रखी आयुर्वेद के द्वारा दिनचर्या का महत्व को बताया आयुर्वेद में दिनचर्या का बहुत बड़ा शारीरिक एवं मानसिक महत्व है जो कि हमारे शरीर के त्रिदोष को संतुलित करते है दिनचर्या से ही शरीर की बीमारी दूर होती हैं एवं व्यक्ति लम्बी आयु को पाता हैं आज 10बा विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया गया। नीमा प्रेसिडेंट डॉ सी एल नेमा ने भी अपनी बात रखी। ऋतुओं के अनुसार भोजन करने बरसात में बटरमिल्क को त्याग करने की बात बतायी बरसात में बॉयल पानी पीना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ सौरभ चौधरी ने किया। इस अवसर पर डॉ चेतन जैन, डॉ प्रदीपशेंडे, डॉ आईंसी जैन, डॉ अशोक मिश्रा, डॉ तौफीक खान, डॉ वीके नेमा, डॉ अनिल चौधरी, डॉ अतुल पालीवाल, डॉ आशीष खरे, डॉ सूर्यवंशी, डॉ शिव मिश्रा, डॉ अन्त राम पटेल, डॉ आर पी श्रीवास्तव, डॉ अजय वर्मा, डॉ राहुल जैन, डॉ दीपक जैन, डॉ नेमा, डॉ ज्योती त्रिपाठी, डॉ सिंघाई, डॉ श्रीपाद शेंडे, डॉ दिलीप गुप्ता, डॉ आशुतोष गुप्ता कोषाध्यक्ष डॉ गंगाराम पटेल। कार्यक्रम का आभार सचिव डॉ. सुरेंद्र पटेल ने माना। जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ चौधरी ने दी।




### खबर संक्षेप

## दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी को होगा आयोजन

**दमोह।** केंद्रीय संचार ब्यूगरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा जिला प्रशासन व महिला व बाल विकास विभाग दमोह के साथ मिलकर 8 वें राष्ट्रीय पोषण मास (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025) अंतर्गत सही पोषण देश रोशन व स्वस्थ नारी सशक्त परिवार विषय पर लगाई जा रही दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के पूर्व प्रचार वाहन नगर में भ्रमण करते हुए आयोजित हो रही चित्र प्रदर्शनी का ऑडियो व बैनर से आज मंगलवार, 24 सितम्बर 2025 को संदेश दिया। इस अवसर पर ऑडियो के माध्यम से नगरवासियों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रदर्शनी में पधारकर चित्रों के माध्यम से पोषण की विभिन्न जानकारी को जाने और इसका लाभ उठाएं। यह दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी दिनांक 25 एवं 26 सितम्बर को दमोह के जिला अस्पताल के सामने, मानस भवन के सभागार में लगाई जा रही है। जिसका शुभारम्भह 25 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे किया जाऐगा। प्रदर्शनी सुबह 10:30 बजे से शाम 06 बजे तक सभी लोगों के लिए निःशुल्कप खुली रहेगी। दो दिवसीय आयोजन में विविध गतिविधियों में विषय पर गीत नाटक की प्रस्तुति, स्पर्धाओं व प्रश्न मंच के आयोजन भी किए जाएंगे।

## 28 हजार 500 रूपये की चालानी कार्रवाई

**दमोह।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार प्रदेश में 05 अक्टूबर 2025 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत सभी आवश्यक नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराना हैं। इस अभियान के अंतर्गत दमोह जिले में जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने वाहनों की सघन जांच की जा रही हैं। इसी क्रम में जांच के दौरान विभिन्न बिंदुओं की जाँच की जा रही हैं। उन्होंने बताया जांच में उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान 28 हजार 500 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है। परिवहन अधिकारी ने यह स्पष्ट किया है कि मोटर यान अधिनियम के नियमों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यह विशेष प्रवर्तन अभियान 5 अक्टूबर 2025 तक पूरे प्रदेश में निरंतर जारी रहेगा।

## कुएं में डूबने से 10 वर्षीय मासूम की मौत

**दमोह।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप ग्राम आमचौपरा में 10 वर्षीय निवासी आदित्य यादव कुएं में गिर जाने से इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल लेकर आए। जहां ड्यूटी रत डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर में मृत घोषित कर दिया। जहां सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई उपरांत शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम किया जाएगा।

## 300 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा



**बनवार।** परस्वाहा में माता शक्ति की असीम भक्ति और श्रद्धा के प्रतीक नवरात्रि महापर्व के तीसरे दिन बुधवार को पूरे गांव में धार्मिक उमंग का माहौल देखने को मिला सुबह 10 बजे श्री हरगोविंद मिश्रा और संजू मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम परस्वाहा से बनवार बलारपुर पिपरिया होते हुए बांदकपुर धाम तक 300 मीटर की चुनरी यात्रा निकाली गई। इस भव्य यात्रा में समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और माता की चुनरी का हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ स्वागत किया छोटे-बड़े सभी आयु वर्ग के लोग उत्साह और भक्ति के साथ शामिल हुए। ग्रामवासियों के सहयोग से पूरे मार्ग को सजाया गया और यात्रा को सुरक्षा एवं सुव्यवस्था के साथ सम्पन्न कराया गया यात्रा के दौरान देवी माता के भजन और मंत्रोच्चारण से पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण गहराया। समस्त ग्राम और क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन न केवल सफल हुआ बल्कि सभी के दिलों में माता के प्रति भक्ति और उत्साह की भावनाएं और प्रबल हुईं नवरात्रि महापर्व के दौरान बांदकपुर धाम में आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे क्षेत्रवासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## चार दिवसीय टाईम्स गरबा उत्सव का हुआ शुभारंभ



नवरात्रि के अवसर पर टाईम्स कॉलेज एवं लांयस क्लब दमोह द्वारा 24 से 27 सितम्बर तक चार दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गरबा महोत्सव के प्रथम दिवस विधायक एवं पूर्व मंत्री माननीय जंयत मलैया जी के मुख्य अतिथ्य में देवी माँ की आराधना करके गरबा आयोजन का शुभारंभ किया सर्वप्रथम गरबा प्रतिभागियों द्वारा आराध्य शक्ति माता की आरती द्वारा गरबा प्रस्तुत किया गया। माननीय जंयत मलैया जी के द्वारा सभी गरबा प्रतिभागियों तथा नगर वासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनायें प्रेषित की, गरबा कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर श्री सुशील गुप्ता एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल जी के द्वारा मुख्य अतिथि श्री जयंत मलैया जी का पुष्प गुच्छ एवं माता जी की चुनरी द्वारा सम्मान किया गया, गरबा कार्यक्रम के प्रथम दिन लांयस क्लब के सदस्यों के साथ - साथ बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र- छात्राओं की उपस्थिति रही।

## लाल मुंह के बंदर का आतंक, कई बच्चों को दौड़ाया

**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 12, दुर्गा मंदिर के पास इन दिनों एक लाल मुंह वाले बंदर का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह बंदर अब तक कई बच्चों को दौड़ा चुका है, जिससे मोहल्ले में भय का वातावरण बन गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यह बंदर अक्सर सुबह और दोपहर के समय गलियों में घूमता है और बच्चों के पीछे दौड़ता है। हाल ही में एक-दो बच्चों को हल्की चोटें भी आई हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। लोग अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से डरने लगे हैं। स्थानीय निवासी ऋषि साहू, वार्डवासी और अन्य मोहल्लेवालों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया शराबबंदी का प्रस्ताव



**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम लरगुंवा ने समाज सुधार की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए शराबबंदी का कड़ा प्रस्ताव पारित किया। दुर्गा पंडाल के नीचे हुई सर्वसम्मति बैठक में ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि अब गांव में कोई भी व्यक्ति शराब न बेचेगा न बनाएगा और न पीकर गाली गलौज या झगड़ा करेगा। शराब बेचने वालों पर 11000 जुर्माना शराब पीकर गाली गलौज या झगड़ा करने पर 5000 जुर्माना शराबियों का सहयोग करने वालों पर भी दंड और कानूनी कार्रवाई बैठक में भगवती मानव कल्याण संगठन के संभाग अध्यक्ष सुजान सिंह, पूर्व सरपंच रामजी सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश शर्मा, संगठन के ब्लाक अध्यक्ष राजेश प्रजापति, महिला संगठन प्रभारी सुमित्रा बाई पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता गिरधारी लाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई और कहा कि नशामुक्ति से ही गांव में खुशहाली और भाईचारा स्थापित होगा। ग्रामसभा में मौजूद सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि लरगुंवा को नशामुक्त आदर्श गांव बनाने में हर संभव सहयोग देंगे।

## 25 एकड़ गौचर भूमि से जल्द हटेगा अवैध कब्जा



**दमोह।** जिले की हटा तहसील के तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने छेवला गंगाराम में गौचर भूमि पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण चिन्हाकन किया है। हल्का पटवारी और राजस्व अमले के साथ तहसीलदार ने स्थल निरीक्षण कर टीम के साथ जायजा लिया, यहां खसरा नम्बर 60 में करीब 25 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया। तहसीलदार ने संबंधित लोगों को जल्द भूमि छोड़ने की हिदायत दी और राजस्व अमले को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

## अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध वन अमले ने की कार्यवाही



**दमोह।** जिले की मड़ियादो वनपरिक्षेत्र बफ़र अधिकारी जे. पी. मिश्रा के नेतृत्व में बफरजोन वन अमले ने उदयपुरा वीट के कक्ष क्रमांक 38 पाटन गांव में वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए मौके से एक ट्रैक्टर सहित युवक को पकड़ा है, आरोपी द्वारा करीब 2 हेक्टेयर वनभूमि पर ट्रैक्टर कल्टीवेटर से जुताई कर रहा था। बफर अधिकारी श्री मिश्रा ने बताया आरोपी राकेश यादव निवासी पाटन के विरुद्ध वन अपराध दर्ज किया गया है। कार्यवाही में ऋषि पटेरिया, रामगोपाल अहिरवार, भूपेंद्र पटेल, सन्तोष सेन, सुधाकर पांडे और स्टाफ मौजूद रहे।

## हिन्दी सप्ताह अंतर्गत हुये विविध कार्यक्रम



**दमोह।** शासकीय महाविद्यालय पथरिया में "राजभाषा हिन्दी की दशा एवं दिशा" विषय पर व्याख्यान, प्रतिष्ठित कवियों की कविताओं पर केन्द्रित काव्य पाठ, पुस्तक प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता ,हिन्दी के महत्व पर स्लोगन प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच जैसे कार्यक्रमों का आयोजन अलग-अलग दिवसों में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय वर्मा एवं शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर से बतौर मुख्य वक्ता पधारे सहायक प्राध्यापक हिन्दी डॉ.अवधेश प्रताप सिंह, प्रशासनिक अधिकारी डॉ गजेन्द एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती प्रियंका राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय वर्मा ने अपने उद्बोधन में हिन्दी के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी बहुसंख्यक लोगों की विचार-विनिमय की भाषा है।आज हिन्दी की गणना विश्व की समृद्ध भाषाओं में की जाती है।अनुदिन स्व-सीमाओं का अतिक्रमण कर खुद के विस्तार की लालसा लिए संचार क्रांति के रथ पर आरूढ़ हिन्दी अपनी विजय पताका फहराने के लिए निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। सागर से पधारे मुख्य वक्ता डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज विदेशों में हिन्दी का पठन-पाठन निरंतर बढ़ता जा रहा है। विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में वह प्रवेश पा चुकी है।अंग्रेजी और चीनी भाषा मंदारिन के बाद बोलने की दृष्टि से हिन्दी विश्व की तीसरी बड़ी भाषा है। वैश्विक स्तर पर उसकी यह उपस्थिति उसकी महत्ता को स्वयं सिद्ध करती है।डॉ सुधीर साहू ने हिन्दी भाषा के महत्व और उसकी संवैधानिक स्थिति पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी काव्य पाठ एवं हिन्दी की दशा एवं दिशा पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरविन्द यादव तथा आभार कार्यक्रम संयोजक श्रीमती प्रियंका राजपूत ने किया। कार्यक्रम में पंकज जैन, डॉ शेख ताज हसन, डॉ जगदीश अहिरवार, श्री सत्यनारायन, डॉ ममता वर्मा, डॉ हरिओम सोनी सहित महाविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य एवं अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति सुनीता कुर्मी पति भरत कुर्मी वार्ड क्रमांक 03 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 1354/5 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 1354/5 वार्ड क्रमांक 03 श्री मूरत सींग पिता श्री रतन सींग लोधी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 24/09/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**